तापमान

अधिकतम 36.0 डिग्री

न्यूनतम 24.0 डिग्री

हरिभूमि

# कोरबा भूमि

बिलासपुर, शनिवार 5 जुलाई 2025

[ दीपका | कटघोरा | छुरी | पाली | करतला | पोड़ीउपरोड़ा ]



4 जो सामने आया उस पर चढ़ा दी कार, 2 की मौत, तीन घायल




## खबर संक्षेप

### जिला सहकारी बैंक में इंटरनेट व्यू मोड की सुविधा हुई प्रारंभ

**कोरबा।** जिला सहकारी केंद्रीय बैंक में इंटरनेट व्यू मोड की सुविधा प्रारंभ कर दी गई है इस सुविधा में अब ग्राहक एवं समितियां अपने खातों के बैलेंस की जानकारी अपने मोबाइल पर ही प्राप्त कर सकती हैं। इस सुविधा की प्राप्ति हेतु ग्राहक को एक बार शाखा से संपर्क करना होगा एवं आवेदन देना होगा। शाखा द्वारा तत्काल ग्राहक के खाते में व्यू मोड की सुविधा प्रारंभ कर दी जावेगी एवं ग्राहक को प्रदाय लिंक के माध्यम से ग्राहक अपना यूजर आईडी एवं पासवर्ड सेट कर अपने खाते के बैलेंस की जानकारी घर बैठे मोबाइल से ही प्राप्त कर सकता है। यह सुविधा उन्हें ग्राहकों के लिए उपयोगी है जिनका मोबाइल नंबर खाते में दर्ज है एवं एसएमएस सुविधा प्रारंभ है।

### किताब वितरण में हो रही अव्यवस्था

**कोरबा।** एनएसयूआई के जिलाध्यक्ष मनमोहन राठौर ने प्रदेश की शिक्षा व्यवस्था में जारी अव्यवस्था को लेकर चिंता जाहिर की है। उन्होंने बताया कि स्कूलों को खुले 15 दिन से अधिक समय बीत चुका है लेकिन जिला सहित प्रदेश के निजी विद्यालयों में किसी भी कक्षा की पाठ्यपुस्तकें अब तक नहीं पहुंची हैं। इससे छात्रों की पढ़ाई प्रभावित हो रही है। श्री राठौर ने कहा कि कक्षा 1, 2, 3 और 6 का पाठ्यक्रम इस वर्ष पूरी तरह से बदला गया है, लेकिन नए किताबों की अनुपलब्धता के कारण निजी स्कूलों में बच्चों को पिछले वर्ष की पुरानी किताबों या पीडीएफ से पढ़ाने की मजबूरी है। यह स्थिति न केवल शिक्षा के स्तर को गिरा रही है, बल्कि छात्रों के भविष्य के साथ अन्याय है।

लगातार हो रही बारिश से आम जनजीवन के अलावा विद्युत संयंत्रों का उत्पादन घटकर हुआ आधा

# गीला कोयला बना परेशानी का सबब संयंत्रों में विद्युत उत्पादन पर पड़ा असर



हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

जिले में हो रही मूसलाधार बारिश की वजह से आम जनजीवन प्रभावित हुआ है। वहीं विद्युत संयंत्रों में बिजली उत्पादन पर भी इसका असर देखने को मिल रहा है। संयंत्रों के कोल स्टॉक में रखा कोयला गीला हो गया है, वहीं खदानों से भी गीले कोयले की आपूर्ति की जा रही है। संयंत्र में बिजली उत्पादन के दौरान गीला कोयला उपयोग करने की वजह से मील व हॉफर का शूट जाम हो रहा है। जिसकी वजह से इकाईयों में लोड को घटना पड़ रहा है। इकाईयों में क्षमता से कम विद्युत उत्पादन किया जा रहा है।

#### खास बातें

- एसईसीएल की कोयला खदानों से भी हो रही गीले कोयले की आपूर्ति
- विद्युत संयंत्रों में फिलहाल पर्याप्त कोल स्टॉक

पिछले दो दिनों से रूक-रूक कर हो रही बारिश ने जहां एक ओर आम जनजीवन को अस्त-व्यस्त कर रखा है, नदी नाले उफान पर है। ग्रामीण क्षेत्रों का शहर से संपर्क टूट गया था। वहीं बारिश का असर विद्युत संयंत्रों पर भी देखने को मिल रहा है। संयंत्रों में गीले कोयले की उपयोग की वजह से विद्युत उत्पादन पर असर पड़ने लगा है। उल्लेखनीय है कि बारिश के दौरान कोयला खदानों से विद्युत संयंत्रों को गीले कोयले की आपूर्ति की जा रही है। वहीं संयंत्रों के कोल स्टॉक में रखा कोयला भी गीला हो गया है। संयंत्रों में गीले कोयले से ही विद्युत उत्पादन करना पड़ रहा है। गीले कोयले से विद्युत उत्पादन करने में उत्पादन क्षमता पर असर पड़ रहा है। संयंत्रों में मील से पाईप लाईन के जरिए व कन्वेयर बेल्ट से हाफर तक कोयले की सप्लाई की जाती है। दरअसल गीला कोयला का उपयोग करने से मील में लगे पाईप कई जगहों से चोक होकर जाम हो जा रहा है। वहीं हाफर में भी लगा शूट जाम हो जा रहा है, जिसे क्लीन करने में घंटों का समय लग रहा है। दरअसल गीले कोयले की वजह से मील में लगे पाइप लाइन और हाफर की शूट अगर 2 से 3 बार चोक होता है तो संयंत्र प्रबंधन को संयंत्रों में उत्पादन घटना पड़ जाता है। वर्तमान में गीले कोयले की वजह से चोक होने की समस्या बढ़ने लगी है, जिसके कारण इकाईयों में क्षमता से आधा विद्युत उत्पादन करना पड़ रहा है। इसके अलावा गीले कोयले को जलाने पर समय ज्यादा लगता है, वहीं फ्लेम की रफ्तार भी कम होती है। जिसके कारण विद्युत उत्पादन पर असर पड़ता है। गीले कोयले की वजह से संयंत्रों की उत्पादन क्षमता घटने लगी है। हर वर्ष बरसात के दौरान लगभग इस तरह की स्थिति निर्मित होती है। इसके लिए प्रबंधन द्वारा तैयारियां की जाती है। मील व हाफर में होने वाले चोक की समस्या को देखते हुए मरम्मत के लिए कर्मी तैनात किए गए हैं। हालांकि पाईप लाईन व शूट में लगे चोक को क्लीन करने में घंटों का समय लग जाता है। यही वजह है कि इस दौरान संयंत्रों की उत्पादन क्षमता भी घटकर आधी हो जाती है।

### खदानों के डीप फेस में भरा पानी



लगातार बारिश की वजह से जिले में संचालित एसईसीएल की विभिन्न परियोजनाओं में कोयला उत्पादन भी प्रभावित हुआ है। एसईसीएल की मेगा प्रोजेक्ट गेवरा, दीपका और कुसमुंडा के अलावा कोरबा एरिया की मानिकपुर खदान व सरईपाली परियोजनों में डीप फेस पर बारिश का पानी भर जाने की कारण कोयला उत्पादन बाधित हुआ है। बारिश को देखते हुए प्रबंधन द्वारा कोयला उत्खनन के कार्य में सावधानी बरती जा रही है। माइंस में अत्यधिक जल भवरा न हो इसके लिए पानी निकासी की व्यवस्था की गई है। लेकिन डीप फेस पर पानी की वजह से कोयला उत्पादन प्रभावित हुआ है। बारिश को देखते हुए कोयला खदानों में हैवी मशीनों के संचालन पर असर पड़ा है। मानसून के दौरान अत्यधिक बारिश की वजह से अक्सर खदानों में इस तरह की स्थिति निर्मित होती है।

# राजस्व रिकार्ड दुरस्त नहीं होने से धान बेचने में किसानों को हो रही परेशानी

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा




राजस्व रिकार्ड दुरुस्त नहीं होने के कारण जिले के सैंकड़ों किसान धान बेचने से वंचित रह जाते हैं। राजस्व रिकार्ड में फौती बंटवारा नहीं होने से पुराने काश्तकारों के नाम दर्ज होने से तकनीकी दिक्कतों के कारण ऐसे किसानों का पंजीयन नहीं हो पाता परिणाम स्वरुप शासन की महत्ती योजना का लाभ किसानों को नहीं मिल पाता।

धान खरीदी के पूर्व जब किसानों के पंजीयन का समय आता है तो उनसे उनके नाम के जमीन का राजस्व रिकार्ड मांगा जाता है। जिसके परिणाम स्वरुप अधिकांश किसानों के जमीन में नाम अभी भी उनके दिवंगत हुए परिजनों के रहते हैं। फौती नहीं कटने की वजह से उनका पंजीयन नहीं हो पाता और धान बेचने से वंचित रहने के कारण बढ़े हुए समर्थन मूल्य और बोनस जैसी योजना के लाभ से वंचित रह जाते हैं। सुशासन तिहार के दौरान अधिकांश क्षेत्रों से फौती बटवारे के भी आवेदन मिले थे जिनका मौके पर निराकरण किया गया है। अब ऐसे क्षेत्रों को विशेषतौर पर चिन्हित किया जा रहा है जहां रिकार्ड दुरुस्तीकरण नहीं होने के सर्वाधिक मामले हैं उन क्षेत्रों में शिविर लगाकर रिकार्ड दुरुस्तीकरण का आदेश दिया गया है। ताकि आने वाले धान खरीदी में ऐसे किसानों का पंजीयन हो सके। इस तरह के मामले अजगरबहार तहसील, करतला तहसील के अलावा पसान और पाली तहसील के अंतर्गत भी आये हैं। चैतमा उपतहसील में भी ज्यादातर किसानों के फौती नहीं कटने से रिकार्ड दुरुस्त नहीं हो सके हैं। इस तरह के मामले की जानकारी के लिए सभी तहसीलदारों को निर्देशित कर दिया गया है। कलेक्टर अजीत वसंत ने इसे गंभीरता से लेकर रिकार्ड दुरुस्तीकरण के आदेश दिए हैं। 5 सौ से ज्यादा प्रकरण ऐसे हैं जिनका रिकार्ड दुरुस्त किया जाना आवश्यक है।

#### खास बातें

- फौती नामांतरण नहीं होने के कारण रिकार्ड में दर्ज रहते हैं पुराने काश्तकारों के नाम
- सुशासन तिहार में ग्रामीण अंचलों से सामने आए थे ऐसे मामले

### शासकीय योजनाओं का लाभ लेने रिकार्ड आवश्यक

शासन की शासकीय योजनाओं का लाभ लेने के लिए जमीनों का रिकार्ड आवश्यक है। विशेषकर किसानों से संबंधित योजनाओं के लिए जमीनों के रिकार्ड में किसान का नाम दर्ज होना चाहिए। बैंक से लोन लेने का मामला या फिर राशनकार्ड बनवाने का या किसान सम्मान निधि प्राप्त करने के लिए जमीन के रिकार्ड में किसानों के नाम दर्ज होना चाहिए। उसके बाद भी योजनाओं का लाभ के लिए पात्र माने जाएंगे।


श्री शिवम, सेंट्रल इंडिया का सबसे बड़ा फैमिली फैशन स्टोर, पिछले कई वर्षों से फैशन और विश्वास का दूसरा नाम बन चुका है। 7 शहरों में मौजूदगी और हर उम्र व ज़रूरत को समझने वाली कलेक्शन – जैसे कि साड़ी, कुर्ती, रेडीमेड सूट्स, लहंगा और भी अन्य फैशन की वैरायटी – के साथ, हमने अपने ग्राहकों से एक मजबूत रिश्ता बनाया है। हमारा हर स्टोर सिर्फ कपड़ों की दुकान नहीं, बल्कि एक भरोसेमंद फैशन डेस्टिनेशन है – जहाँ हर कदम पर साथ है स्टाइल और साथ है आपका भरोसा।

अब इस रिश्ते को और खास बनाने के लिए हम लेकर आए हैं साल की सबसे बड़ी " **TOD PHOD SALE** "! देश के टॉप ब्रांड्स पर मिल रहे हैं धमाकेदार ऑफर्स – Buy 1 Get 1 Free, Buy 2 Get 2 Free, और Upto 50% Off तक की छूट, सब एक ही छत के नीचे. चाहे हो Men's Wear, Women's Wear या Kids Wear – अब हर फैशन की ज़रूरत होगी पूरे स्टाइल और बड़ी बचत के साथ पूरी, सिर्फ श्री शिवम पर.



### गतौरा स्थित डीपो में ना तो पानी की व्यवस्था थी और ना शौचालय की | मुंगेली, जीपीएम, जांजगीर, रायगढ़, जशपुर के स्कूलों के शिक्षक भी पहुंचे

# सरकारी किताब लेने पहुंचे संभाग के शिक्षकों को करना पड़ा रतजगा, डिपो में हंगामा, विवाद



शुक्रवार को पुस्तक लेने आए दूर-दराज से शिक्षक।

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

पाठ्यपुस्तक निगम डिपो में शुक्रवार को एक बार फिर हंगामा हुआ। संभाग भर के दूर-दराज के जिलों से आए निजी स्कूलों के शिक्षक किताबों के वितरण में अनियमितताओं से परेशान हो गए। 80 से अधिक स्कूलों के शिक्षक सुबह 8 बजे से डिपो में डटे रहे, लेकिन किताबें तभी दी जा रही थीं, जब हर एक पुस्तक को मोबाइल ऐप से स्कैन किया जाए।

सर्वर बार-बार डाउन होने से स्कैनिंग में घंटों लग गए। हालांकि दोपहर बाद जब स्कैनिंग नहीं करने और सीधे वितरण करने कहा गया तो स्थिति सुधरी। इस दौरान खास तौर पर महिला शिक्षक अधिक परेशान हुई। गतौरा स्थित डिपो में ना तो पानी की व्यवस्था थी और ना शौचालय की। बिना छांव और पानी के जमीन पर बैठाकर स्कैनिंग करवाई जा रही थी। कई शिक्षकों ने तो गुरुवार दिन भर और रात भर वहीं गुजारी फिर भी प्रक्रिया पूरी नहीं हो सकी। कई स्कूल बिना किताब लिए लौट गए, जबकि दूर से आए शिक्षक अपनी बारी का इंतजार करते रहे। भूखे-प्यासे शिक्षकों ने विरोध जताया शिक्षा विभाग के अधिकारियों ने समझाइश देकर मामला शांत कराया।

### अब किताबों के वितरण में परिवर्तन

भारी अव्यवस्था और विरोध के बाद हालांकि पाठ्य पुस्तक निगम ने किताबों के वितरण में परिवर्तन किया है। पापुनि ने डिपो में ही बैठकर किताबें स्कैन करने के निर्णय में सुधार करते हुए स्कूलों को किताबें उठाने के पश्चात अपने स्कूल में ही स्कैन करने की छूट दी है। साथ ही यह भी कहा है कि स्कूलों को पुस्तक ले जाने के बाद 7 दिन में पुस्तकों को स्कैन कर रिपोर्ट भी देनी होगी। ध्यान रहे कि निगम की ओर से जारी किए पत्र में अशासकीय स्कूलों में राज्य के 6 डिपो से 25 दिनों के भीतर किताबें स्कैन करने के बाद ले जाने को कहा गया था। राज्य में 8284 स्कूल संचालित हैं। कई जिलों को बहुत कम समय मिला था और स्कूल के पास हजारों किताबों को स्कैन करना भारी पड़ रहा था। इसके कारण उन्हें अपने शिक्षकों के साथ डिपो जाना पड़ रहा था उसके बाद भी उन्हें काफी वक्त लग रहा था। राज्य में अभी बिलासपुर, अंबिकापुर, रायपुर, जगदलपुर, राजनांदगांव, रायगढ़ में अशासकीय विद्यालयों को पाठ्य पुस्तक वितरण किया जा रहा है।

### क्लास और दर्ज संख्या के हिसाब से किताबें

- पहली से आठवीं तक के एक बच्चे के लिए 6 किताबें
- नौवीं और दसवीं कक्षा के एक बच्चे के लिए 7 किताबें
- ग्यारवीं और 12 वीं कक्षा के एक बच्चे के लिए 5 किताबें

### जिले के 750 स्कूलों में जानी हैं किताबें

बिलासपुर जिले की बात करें तो 750 के करीब स्कूलों में किताबें जानीं हैं। इन्हीं किताबों के वितरण का काम दो दिन पहले शुरू किया गया है। किताबों को लेने पहुंचे शिक्षकों को लेकिन काफी परेशानी हो रही है। ज्यादातर किताबें स्कैन ही नहीं हो रहीं थीं। इस कारण देरी हुई और शिक्षक परेशान हुए। हाल यह रहा कि पहले तो किताबें लेने के लिए घंटो लाइन में लगना पड़ा। इसके बाद उन्हीं किताबों को स्कैन करने में कई घंटे लगे। शिक्षकों के मुताबिक स्कूल की दर्ज संख्या और कक्षाओं के आधार पर किताबों की संख्या तय होती है। पुस्तक लेने पहुंचे राष्ट्रीय पाठशाला के शिक्षक ने बताया कि उन्हें पहली से लेकर 10 वीं तक की कक्षा के लिए 638 किताबें लेनी हैं। जिसमें काफी समय लगा।

### स्कैनिंग में लग रहा काफी समय

आदेश के मुताबिक हर स्कूल को उनके बच्चों के हिसाब से हजारों किताबें बांटनी थी। इसलिए स्कैनिंग करने में ही सभी को काफी समय लग रहा था। वहीं, सर्वर भी ठीक से काम नहीं कर रहा था। इसके चलते शिक्षक परेशान हो रहे थे। वहीं डिपो में पीने का पानी, प्रसाधन जैसी सुविधाएं भी नहीं थी। कई शिक्षक रात तक रूक कर स्कैनिंग का कार्य कर रहे थे। ऐसी ही कई दिक्कतों का सामना स्कूल संचालकों और करना पड़ रहा था।

### बदला गया है नियम

सरकारी पुस्तकों के वितरण में अनियमिता की रोकथाम के लिए सरकार ने स्कैन पद्धति से पुस्तक वितरण करने का निर्णय लिया है। निजी स्कूलों को किताब वितरण में स्कैनिंग करने में दिक्कत आ रही थी। चूंकि वर्तमान में शैक्षणिक सत्र प्रारंभ हो चुका है अतः छात्रों की असुविधा को ध्यान में रखते हुए यह फैसला लिया गया कि किताबों का वितरण अशासकीय स्कूलों को कर दिया जाए और निजी स्कूलों को छूट प्रदान की गई है कि 7 दिनों के अंदर किताबों का स्कैन करके उसकी रिपोर्ट पाठ्य पुस्तक निगम में जमा कराएं।

**- राजा पांडेय**, अध्यक्ष पाठ्य पुस्तक निगम

## चोरी की नीयत से दुकान में घुसा, मालिक ने पकड़ा

**बिलासपुर।** रिवर व्यू स्थित साउथ कैफे में बीती रात चोरी की नियम से एक चोर दुकान का ताला तोड़ कर घुस गया। रात ज्यादा होने पर चोर दुकान में ही सो गया, सुबह दुकान के मालिक ने दुकान खोली, इस दौरान चोर आराम से सो रहा था। दुकान मालिक ने आरोपी के खिलाफ सिटी कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज कराई है। पुलिस के अनुसार घटना रिवर व्यू के साउथ कैफे की है। दुकान संचालक करण नादम पिता उमेश नादम रोज की तरह दुकान बंद कर गुरूवार को घर चला गया। शुक्रवार की सुबह 9 बजे दुकान पहुंचा तो इस दौरान दुकान के शटर का ताला टूटा हुआ था। उसे चोरी की आशंका हुई और वह दुकान का शटर उठाया, इस दौरान दुकान में आरोपी युवक आराम से सो रहा था। संचालक ने उसे उठाया और उससे पुछताछ की। इस दौरान आरोपी ने अपना नाम राजेन्द्र कुमार सूर्यवंशी बताया। दुकान का सारा सामान बिखरा हुआ था और 700 रूपए चोरी हो चुके थे।

### ट्रेन में यात्रियों की भीड़...



# लेट पहुंची टिटलागढ़ को किया गया रिशेड्यूल

**बिलासपुर।** बुधवार की रात टिटलागढ़ से बिलासपुर लेट पहुंची पैसेंजर को दूसरे दिन सुबह दो घंटे रिशेड्यूल किया गया, जिसकी वजह से यात्री काफी परेशान रहे। एक दिन पहले लेट होने की वजह से टिटलागढ़ की ओर रवाना करने वाली 58214 बिलासपुर-टिटलागढ़ पैसेंजर को तीन घंटे विलंब से कोचिंग डिपो से भेंजा गया। यह ट्रेन जैसे ही प्लेटफार्म नम्बर एक पर पहुंची, वैसे ही सभी कोच में सवार होने के लिए यात्रियों के बीच में भगदड़ मच गई। इस दौरान बर्थ के लिए काफी मारामारी होने के कारण बिलासपुर से ट्रेन रवाना होने के बाद कई लोगों को बैठने की जगह भी नहीं मिल सकी।

## शराब पीने मांगे रुपए, नहीं देने पर युवक पर हमला, सिम्स में भर्ती

**बिलासपुर।** मंगला शराब भट्ठी में शराब पीने के लिए रूपए नहीं देने पर बदमाश ने शराब की शीशी से युवक सिर फोड़ दिया। इस दौरान आदतन बदमाश ने युवक के साथ मारपीट करते हुए गाली गलौज की। पुलिस मामले की जांच कर रही है।



मामला सिविल लाइन थाना क्षेत्र का है। राजाबाड़ा मंगला निवासी कुंदन पटेल खेती-किसानी और सब्जी व्यवसाय करता है। गुरूवार की शाम 4 बजे वह शराब भट्ठी पहुंचा, इस दौरान अमित यादव उर्फ फोनी वहां आया और शराब पीने के लिए रूपए की मांग करने लगा। कुंदन के मना करने पर अमित ने अश्लील गालियां दीं और जान से मारने की धमकी देते हुए शराब की शीशी से उसके सिर पर हमला कर दिया। हमले से कुंदन के दाहिनी आंख के नीचे, माथे, सिर और हाथ में गंभीर चोटें आईं, जिससे खून बहने लगा। घटना के बाद आरोपी मौके से फरार हो गया। कुंदन को उसके भतीजे द्वारा अस्पताल ले जाया गया। बाद में उसने थाने पहुंचकर शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने आरोपी अमित यादव के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। मामले की जांच जारी है।

### आबकारी का अमला नदारद

मंगला, कोनी, मिनी बस्ती, सिरगिट्टी, सरकंडा सहित कई क्षेत्र में शराब के लिए रूपए मांगने और झगड़े होने की घटनाएं होती रहती हैं। कई बार लोगों पर जानलेवा हमला हो रहे हैं, लेकिन आबकारी का अमला लोगों की सुरक्षा को लेकर लापरवाही बरत रहा है। अधिकारियों का दावा है कि गार्ड तैनात हैं, लेकिन निहत्थे गार्डों से आदतन बदमाश नहीं संभल सकते हैं। वहीं कई भट्टी में सीसी टीवी कैमरे भी बंद हैं।

## लूट का आरोपी गिरफ्तार, जेल दाखिल, बुलेट व रकम बरामद

**बिलासपुर।** 15 दिन पहले ढेका से 10 हजार रूपए की लूट को अंजाम देने वाले आरोपियों में से एक आरोपी को पकड़ने में तोरवा पुलिस को कामयाबी मिली है। आरोपी के पास से घटना में प्रयुक्त बुलेट बाइक और रकम की बरामदी कर ली गई है। मामले में अन्य आरोपी फरार हैं।



- मामले में अन्य आरोपी फरार

मामले के अनुसार घटना 14 जून की है। ढेका स्थित सुनील घोरे के घर से सामने से अज्ञात आरोपियों द्वारा विकास तिवारी से मारपीट करते हुए 10 हजार रूपए की लूट को अंजाम दिया था। मामले में विकास तिवारी की मां ने तोरवा थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई थी। पुलिस ने रिपोर्ट के बाद आरोपियों की तलाश शुरू कर दी। मुखबिर सूचना के आधार पर घटना में सागर यादव , अनुराग सोनकर, मोहित सोनकर व अन्य साथी के शामिल होने की बात सामने आई। सूचना मिली कि सागर यादव बिना नंबर के बुलेट से रेलवे स्टेशन तरफ घूम रहा है।

पुलिस ने घेराबंदी कर आरोपी को पकड़ा और पुलिस ने हिरासत में लेकर पुछताछ की। उसने बताया कि अनुराग सोनकर, मोहित सोनकर अन्य साथी के साथ लूट की घटना को अंजाम दिया गया है। आरोपी से बिना नंबर के बुलेट व रकम बरामद की गई है। मामले में पुलिस ने बिरकोना निवासी आरोपी सागर यादव पिता संतोष यादव उम्र 22 साल को गिरफ्तार कर लिया है। मामले में अन्य आरोपियों की तलाश की जा रही है।

### खबर संक्षेप



### ओपीएस के खिलाड़ियों ने अंतर्राष्ट्रीय जीत कुंडो में जीते 6 स्वर्ण एवं 1 कांस्य पदक

**अंबिकापुर।** ओरिएंटल पब्लिक स्कूल के छात्रों ने महाराष्ट्र के अंधेरी स्पोर्ट्स काम्प्लेक्स में 14 एवं 15 जून को आयोजित अंतर्राष्ट्रीय जेट कुंडो चैम्पियनशिप में 6 स्वर्ण एवं 1 कांस्य पदक जीता है। प्रतियोगिता में अंश कुमार, दीपिका एक्का, तान्या केशरवानी, खुशी टोप्पो, विक्रांत साहू, छवि केशरवानी एवं साक्षी निकुंज, प्रशिक्षक अनिल बर्नवाल का चयन स्पर्धा के लिए किया गया। प्रतियोगिता में सभी खिलाड़ियों ने स्वर्ण पदक हासिल किया है जबकि साक्षी निकुंज ने सरन के साथ ही एक कांस्य पदक भी हासिल किया है। प्राचार्य डॉ. आईए खान सूरी ने पदक विजेता छात्र-छात्राओं को बधाई दी है।

### साईं कालेज में कॉमर्स के विद्यार्थियों ने लहराया परचम

**अंबिकापुर।** संत गहिरा गुरु विश्वविद्यालय द्वारा घोषित परीक्षा परिणामों में श्री साईं बाबा आदर्श स्नातकोत्तर महाविद्यालय के वाणिज्य एवं प्रबंध विभाग के विद्यार्थियों ने शानदार प्रदर्शन किया है। बीकॉम तृतीय वर्ष के राहुल मिश्रा 73.44 फीसदी अंकों के साथ प्रथम, कंचन चौरसिया 72.44 फीसदी अंकों के साथ द्वितीय तथा इसप्रिया खलखो 70.88 फीसदी अंकों के साथ तीसरा स्थान हासिल किया है। टीपीपी तृतीय वर्ष में मनीषा एक्का 73.33 फीसदी अंकों के साथ प्रथम, ब्रजेश कुमार एक्का 72.94 फीसदी अंकों के साथ द्वितीय तथा रोहन राज अम्बष्ट 70.83 फीसदी अंकों के तीसरा स्थान वहीं कम्प्यूटर तृतीय वर्ष में अदिति पैकरा 74.66 फीसदी अंकों के साथ प्रथम, ग्रेगोरी तिर्की 71.72 फीसदी अंकों के साथ द्वितीय तथा ज्यातिस्ना तिग्गा 71.16 फीसदी अंकों के साथ तीसरे स्थान पर रही।

### नशे के कारोबार में लिप्त परिवार के मकान पर चला बुलडोजर

**अंबिकापुर।** नशे के कारोबार में लिप्त परिवार के अवैध अतिक्रमण पर जिला प्रशासन और पुलिस विभाग ने बड़ी कार्रवाई की है। एनडीपीएस एक्ट के मामले में फरार चल रहे आरोपियों के दरिमा स्थित निवास पर प्रशासन ने बुलडोजर चलवा दिया है। वहीं अधिकारी अब शहर के खैरबार में भी फरार आरोपियों के सम्पति की जांच कर रहे है। बता दें कि मूलतः दरिमा हाल मुकाम खैरबार निवासी आरती सोनी और उसके पति मनोज सोनी नशे के कारोबार में लिप्त है। आरोपियों द्वारा गांजा, नशे की दवाएं और अन्य मादक पदार्थों की बिक्री की जाती है। हाल ही में पुलिस ने आरती सोनी को बड़े पैमाने पर नशीले इजेक्शन के साथ गिरफ्तार किया था। इस बीच महिला अस्पताल से पुलिस अभिरक्षा से फरार भी हो गई थी जबकि महिला का पूरा परिवार लम्बे समय से फरार चल रहा है।

## पांच जगहों पर बनेंगे वेंडिंग जोन, चार स्थानों पर नानवेज मार्केट की भी योजना

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

शहर में पांच जगहों पर वेंडिंग जोन बनाए जाने जाएंगे। इसके साथ ही 4 जगहों पर नानवेज मार्केट भी बनाए जाने का फैसला लिया गया है। इसके लिए साढ़े तीन करोड़ रुपए की राशि जिला खनिज न्यास से स्वीकृत भी की गई। निगम के मुताबिक जगहों का चिन्हांकन कर लिया गया है और जल्द ही काम शुरू होगा। निगम ने तय किया है कि वेंडिंग जोन व्यापार विहार में, लिंगियाडीह में अपोलो हास्पिटल के पास मानस लाज के बगल में, उसलापुर में पौनी पसारी योजना के बगल में, चंद्रिका होटल के पीछे और चांटीडीह सब्जी बाजार के पास बनाया जाएगा। इसके साथ ही नानवेज मार्केट मोपका, सकरी, शनिचरी और व्यापार विहार में बनाए जाएंगे।

- जिला खनिज न्यास से साढ़े तीन करोड़ रुपए की राशि स्वीकृत

देखा जाए तो शहर और उसके आसपास जनता के लिए बनाए गए फुटपाथ धीरे-धीरे अतिक्रमण की भेंट चढ़ गए और वर्षों से नए बने ही नहीं। पिछले एक दशक में शहर के दर्जनभर से अधिक स्थानों पर दो करोड़ रुपए से अधिक के फुटपाथ बनाए गए। इनमें से अधिकांश पर अब कब्जा हो चुका है। सीएमडी कॉलेज चौक से विद्या नगर की ओर जाने वाले रोड की टर्निंग पर होटल वाले का कब्जा है। इसी मार्ग पर आगे कई अन्य दुकानदार अपना सामान रखने के लिए उसका इस्तेमाल कर रहे हैं। तारबाहर चौक के पास स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के स्मारक स्थल की बाउंड्री पर अतिक्रमण हो चुका है। वर्ष 2008 के चुनाव के दौरान तालापारा में बनाए फुटपाथ के अधिकांश हिस्से में दुकानदार काबिज हो चुके हैं। रिंग रोड नंबर 2, मंगला से लेकर कलेक्टोरेट तक सरकंडा में हर जगह सड़कों और फुटपाथों पर ठेले हैं।

### 200 से अधिक कियोस्क लगाए जाएंगे

निगम के मुताबिक वेंडिंग जोन के बनने से ठेले वालों को काफी लाभ होगा। उन्हें स्थाई दुकान मिल जाएगी। साथ ही पानी और बरसात में भी समस्या नहीं होगी। साथ ही शहरवासियों को भी धूलरहित, स्वच्छ वातावरण में खाद्य पदार्थ उपलब्ध होंगे। इसके लिए चुनिंदा स्थानों पर आकर्षक गुमटियां (क्योस्क) लगाई जाएंगी। फिलहाल शहर में रिवर व्यू रोड पर क्योस्क लगाए गए हैं। इनमें खाद्य पदार्थ अधिक समत तक ताजा व सुरक्षित रखे जा सकते हैं। इस प्रकार की गुमटियों की स्थापना करने के लिए ही वेंडिंग जोन बनाए जा रहे हैं। यहां 200 क्योस्क लगाए जाएंगे। इससे शाम को सैर के लिए निकलने वालों को हल्का सुस्वादु खाद्य मिल सकेगा, वहीं सड़क पर यहां वहां घूम घूमकर ठेला लगाने वालों को बेहतर वातावरण में रोजगार का अवसर मिल सकेगा।

### विकसित होंगे वेंडिंग जोन

सड़क, फुटपाथ, नाली या किसी भी शासकीय संपत्ति पर अब ठेला लगाने की अनुमति नहीं दी जाएगी। कोशिश है कि हर वार्ड में जमीन की उपलब्धता के अनुसार स्थायी वेंडिंग जोन विकसित किए जाएंगे। फिलहाल पांच जगहों पर वेंडिंग जोन और चार जगहों पर नानवेज मार्केट बनाया जा रहा है। इसके लिए डीएमएफ से राशि भी स्वीकृत हो गई है।

**- खजांची कुम्हार**, अपर आयुक्त, नगर निगम

### झांसा देकर दैहिक शोषण आरोपी अधेड़ गिरफ्तार

**बिलासपुर।** शादी का झांसा देकर लगातार 3 सालों तक महिला के साथ बलात्कार करने वाले 52 वर्षीय अधेड़ को सकरी पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। वहीं आरोपी को जेल भेज दिया गया है। मामला सकरी थाना क्षेत्र का है। 2 जुलाई को प्रार्थिया ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई थी, जिसमें उसने बताया था कि दीन दयाल कालोनी निवासी 52 वर्षीय राजेश जयसवाल से उसकी जान पहचान साल 2022 में हुई थी। राजेश जयसवाल प्रार्थिया से शादी का वादा कर चुका था और 2022 से उसके घर कांटीखार आता जाता रहा है, इस दौरान दोनों के बीच शारीरिक संबंध बन गए। आरोपी प्रार्थिया को शादी का झांसा देते हुए लगातार उसके साथ शारीरिक संबंध बनाता रहा । प्रार्थिया ने आरोपी के कहने पर अपना घर बेच कर दीन दयाल आ गई। इस दौरान प्रार्थिया को अपनी पत्नि के तरह रखकर शारीरिक संबंध बनाता रहा लेकिन कुछ दिनों से उसका मन बदलने लगा और उसने गाली गलौच कर जान से मारने की धमकी देते हुए मारपीट करने लगा। जिससे परेशान होकर प्रार्थिया ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई। पुलिसने मामले को गंभीरता से लेते हुए आरोपी को दीनदयाल कालोनी से गिरफतार कर जेल भेज दिया है।

## योजनाओं की जमीनी हकीकत जानने ग्राम झलरिया पहुंची प्रभारी सचिव

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

प्रदेश की खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग की सचिव तथा बलरामपुर-रामानुजगंज जिले की प्रभारी सचिव श्रीमती रीना बाबा साहेब कंगाले शुक्रवार को जिले के एक दिवसीय प्रवास पर पहुंची। इस दौरान उन्होंने शासन के योजनाओं की प्रगति का आंकलन करने हितग्राहियों से मुलाकात की। उन्होंने महिला स्व-सहायता समूह की लखपति दीदी से मुलाकात कर उनकी आजीविका गतिविधियों की सराहना की। प्रभारी सचिव ने सार्वजनिक वितरण प्रणाली की दुकान एवं आंगनबाड़ी केंद्र का निरीक्षण कर संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए। ग्राम झलारिया पहुंचने पर प्रभारी सचिव श्रीमती रीना बाबा साहेब कंगाले का स्वागत ग्रामीण महिलाओं ने छत्तीसगढ़ की समृद्ध लोक परंपरा के अनुसार पारंपरिक गीतों और तिलक लगाकर किया।

- सचिव रीना बाबा साहेब कंगाले ने की ग्रामीणों व हितग्राहियों से मुलाकात

इसके पश्चात प्रभारी सचिव श्रीमती रीना बाबा साहेब कंगाले ने प्रधानमंत्री आवास योजना की लाभार्थी श्रीमती मानकी देवी से मुलाकात की और उनके पुराने एवं वर्तमान आवास अनुभवों पर चर्चा की। उन्होंने ग्रामीणों से आह्वान किया पानी बचाने की जिम्मेदारी केवल शासन की नहीं, समाज की भी है। जब गांव जागरूक होंगे, तभी जल का भविष्य सुरक्षित होगा।



### पहाड़ी कोरवा आवासीय विद्यालय में की मुलाकात

बलरामपुर जिले की प्रभारी सचिव श्रीमती रीना बाबा साहेब कंगाले ने विकासखंड बलरामपुर स्थित पहाड़ी कोरवा आवासीय विद्यालय, भेलवाडीह का दौरा किया। इस दौरान उनके साथ कलेक्टर राजेन्द्र कटारा, पुलिस अधीक्षक बैंकर वैभव रमनलाल, डीएफओ आलोक कुमार बाजपेयी, जिपं सीईओ श्रीमती नयनतारा सिंह तोमर मौजूद रहे। विद्यालय पहुंचते ही प्रभारी सचिव का नन्हें छात्र-छात्राओं ने मिलकर मनमोहक गीत के माध्यम से उनका स्वागत किया। बच्चों के साथ संवाद करते हुए प्रभारी सचिव ने न केवल उनका नाम, कक्षा और गांव के बारे में जानकारी ली, बल्कि उनके सपनों के बारे में जानने की कोशिश की। जब उन्होंने पूछा "बड़े होकर क्या बनना चाहते हो?", तो उत्तर में किसी ने डॉक्टर बनने की इच्छा जताई, किसी ने शिक्षक, किसी ने इंजीनियर।

### 30 बैटरी बरामद, खरीददार भी चढ़ा हत्थे

# बैटरी चोरी करने वाले गिरोह के 4 गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

शहर में ई रिक्शा चोरी होने की घटनाएं बढ़ चुकी है। ऐसे में ही मामले में देवनगर बिरकोना निवासी जमील खान के साथ भी घटित हुई। 30 जून को ई रिक्शा क्रमांक सीजी 10 बीआर 2974 शनिचारी चांटीडीह से अज्ञात चोरों के द्वारा चोरी कर ली गई। इसकी रिपोर्ट दर्ज कराई गई थी। पुलिस ने अज्ञात चोरों के खिलाफ मामला दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी।

मुखबिर से सूचना मिली कि एक व्यक्ति ई रिक्शा में लगने वाले बैटरी को ई रिक्शा में लेकर बेचने के लिए ग्राहक ढूंढ रहा है। टीआई निलेश पाण्डेय के नेतृत्व में टीम तैयार कर तत्काल मुखबिर के



सूचना तस्दीक हेतु टीम मौके पर भेजा गया, घेराबंदी कर संदेही रमेश देवांगन को हिरासत मे लिया गया और उसने बताया कि शौक पूरा करने के लिए अपने साथी कुश देवांगन एवं विनय मौर्य के साथ मिलकर अलग-अलग क्षेत्रों में कई जगह से ई-रिक्शा में लगने वाली बैटरी को चोरी करता है। उसने प्राथी के ई रिक्शा एवं बैटरी को छिपाकर रखना एवं करीब 15 नग बैटरी को रायपुर गुढ़ियारी में बिक्री करना स्वीकार कर लिया। आरोपी की निशानदेही पर गुढ़ियारी रायपुर से खरीददार जय प्रकाश ठाकरे के कब्जे से 15 नग बैटरी बरामद किया गया। इस दौरान एसआई शैलेन्द्र सिंह, प्रमोद सिंह, बलवीर सिंह, विवेक राय, संजीव जांगड़े ,एस के पाटले, विकास यादव का सहयोग रहा।

### इन आरोपियों को किया गया गिरफ्तार

- रमेश देवांगन पिता स्व. मनहरण देवांगन उम्र 38 वां निवासी अमरैया चौक दुर्गा मंदिर
- विनय मौर्य पिता बरसातू लाल मौर्य उम्र 45 वर्ष निवासी अमरैया चौक चिंगराजपारा
- कुश देवांगन पिता स्व. गणेश देवांगन उम्र 27 वर्ष निवासी कतियापारा जूना बिलासपुर
- जय प्रकाश ठाकरे पिता स्व. सेजलाल ठाकरे उम्र 35 वां निवासी सीतानगर गोगांव गुढ़ियारी रायपुर

### अतिक्रमण चिन्हाकित करने के बाद खुदवाया जा रहा सीपीटी

**बिहारपुर।** वन भूमि में ग्रामीणों द्वारा किए गए अतिक्रमण का चिन्हांकन करने के बाद विभाग सुरक्षा के लिए सीपीटी की की खुदाई करा रहा है। वन विभाग की टीम विभिन्न क्षेत्र के जंगलों में अतिक्रमण के चिन्हांकन का अभियान चला रहा है। अभियान के तहत टीम द्वारा अब तक चोंगा, करौटी एवं महुली जंगल के अतिक्रमण का चिन्हांकन किया है। तीनों जंगलों में लगभग 300 एकड़ वनभूमि में ग्रामीणों के खेत वहीं 40 से अधिक ग्रामीणों के अवैध मकान का चिन्हांकन किया गया है। वन भूमि में ग्रामीणों द्वारा बनाए खेतों में विभाग पौधरोपण की योजना बनाया है। भविष्य में ग्रामीण वन भूमि पर अतिक्रमण ना कर सके इसलिए विभाग वन भूमि की सुरक्षा के लिए सीपीटी की खुदाई करा रहा है। इस संबंध में वन परिक्षेत्र अधिकारी मेवालाल पटेल ने बताया कि अवैध अतिक्रमण का प्रकरण तैयार कर डीएफओ कार्यालय भेजा गया है।

## घुनघुट्टा बांध का खोला गया गेट

**अम्बिकापुर।** श्याम घुनघुट्टा बांध के लबालब होने के बावजूद लगातार पानी का भराव होने के कारण विभाग को बांध का एक गेट खोलना पड़ा। बांध के पानी को नियंत्रित करने के लिए विभाग ने शुक्रवार को बांध के चौथे गेट को 10 इंच खोल दिया है जिससे तेज धार से बांध का पानी घुनघुट्टा नदी में बह रहा है। हालांकि नदी में अभी इतना पानी नहीं छोड़ा जा रहा है कि किसी को समस्या हो। मानसून की अनुकूल परिस्थितियों में पिछले 10 दिनों से शहर सहित पूरे सरगुजा संभाग में रूक-रूक कर बारिश हो रही है। गुरुवार को घुनघुट्टा बांध में 81 फीसदी पानी भरने पर अधिकारियों ने कभी भी गेट खोलने की स्थिति निर्मित होने की संभावना जताई थी। बीती रात मैनपाट में अच्छी वर्षा होने के कारण शुक्रवार को सुबह बांध में क्षमता सका 92.34 फीसदी पानी भर गया। स्थिति को देखते हुए विभाग ने सुबह 11.50 बजे बांध का एक गेट खोलने का निर्णय लिया। भविष्य में मूसलाधार बारिश होने की स्थिति में बांध के दूसरे गेट को भी खोलने की जरूरत पड़ सकती है। घुनघुट्टा सिंचाई बांध की कुल क्षमता 62.05 मिलियन क्यूबिक मीटर पानी भण्डारण की है जबकि शुक्रवार को सुबह 57.03 मिलियन क्यूबिक मीटर पानी भर गया था जो बांध की क्षमता का 92.34 फीसदी है। विभाग द्वारा बांध के पानी को नियंत्रित करने एक गेट को खोला गया है। इधर शुक्रवार को बारिश की रफ्तार कम हुई है।

## खबर संक्षेप



### कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष की सभा को सफल बनाने बैठक संपन्न

**कोरबा।** कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे की रायपुर साईंस कॉलेज परिसर में 7 जुलाई की प्रस्तावित आम सभा को सफल बनाने के लिए पूर्व राजस्व मंत्री जयसिंह अग्रवाल ने रायपुर ग्रामीण अंचल के मोवा क्षेत्र में प्रमुख कांग्रेसियों की बैठक ली। जयसिंह अग्रवाल ने बैठक में उपस्थित युवा कांग्रेस, एनएसयूआई, सेवादल सहित प्रमुख मोर्चा व संगठनों के वरिष्ठ कार्यकर्ताओं व पदाधिकारियों को सम्बोधित करते हुए सभी को प्रमुख जिम्मेदारियां सौंपी हैं। पूर्व मंत्री श्री अग्रवाल को रायपुर शहर व ग्रामीण क्षेत्र क जिम्मेदारी सौंपी गई है, इसी सिलसिले में वर्तमान समय में वे रायपुर प्रवास पर हैं और राष्ट्रीय अध्यक्ष की आम सभा के सिलसिले में की जा रही अन्य व्यवस्थाओं की जानकारी के साथ संबंधितों को आवश्यक सुझाव भी दे रहे हैं। किसानों, जवानों और संविधान के मुद्दे पर भाजपा सरकार की असफलता के बिन्दुओं पर विस्तार से चर्चा करने के लिए राष्ट्रीय अध्यक्ष खड़गे 7 जुलाई को रायपुर स्थित साईंस कॉलेज ग्राउण्ड में आम सभा को सम्बोधित करेंगे। बैठक में धरसींवा की पूर्व विधायक अनीता योगेन्द्र शर्मा, मनेन्द्रगढ़ के पूर्व विधायक डॉ. विनय जायसवाल के साथ ही वरिष्ठ कांग्रेसी पंकज शर्मा सहित युवा कांग्रेस, एनएसयूआइ, महिला कांग्रेस, सेवादल व अन्य मोर्चा प्रकोष्ठ के पदाधिकारी एवं वरिष्ठ कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### रोटरी क्लब ऑफ ने निगम के कमिश्नर से की मुलाकात



**कोरबा।** रोटरी क्लब ऑफ के अध्यक्ष नितिन चतुर्वेदी ने अपने सचिव संतोष जैन और सदस्यों के साथ नगर निगम के कमिश्नर आशुतोष पांडेय से मुलाकात की। इस अवसर पर शहर के सौंदर्यीकरण, स्वच्छता और विकास की गति को बढ़ाने के लिए विचार-विमर्श किया गया। कमिश्नर आशुतोष पांडेय ने रोटरी क्लब को वृक्षारोपण और स्वच्छता पर एक नया अभियान चलाने की जिम्मेदारी दी है। यह अभियान शहर को और भी स्वच्छ और सुंदर बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। रोटरी क्लब ऑफ कोरबा के अध्यक्ष नितिन चतुर्वेदी ने इस जिम्मेदारी को स्वीकार किया और कहा कि क्लब इस अभियान में सक्रिय भूमिका निभाएगा। क्लब के पूर्व अध्यक्ष पारस जैन, प्रदीप कोचर और नरेश अरोरा भी इस अवसर पर उपस्थित थे। यह सौजन्य भेंट और अभियान शहर के विकास और स्वच्छता में महत्वपूर्ण योगदान कर सकता है। रोटरी क्लब ऑफ और नगर निगम के बीच यह सहयोग शहर के लिए एक नए युग की शुरुआत कर सकता है।

### नीतू बनी इनर व्हील क्लब की अध्यक्ष



**कोरबा।** इनर व्हील क्लब ने 3 जुलाई को निजी होटल में शपथ ग्रहण कार्यक्रम आयोजित किया गया था। जिसमें अध्यक्ष नीतू अरोड़ा, उपाध्यक्ष भारती अरोड़ा, सचिव रीता क्षेत्रपाल, कोषाध्यक्ष ज्योति जुनेजा, आइएसओ उषा शर्मा, एडिटर सिमरन कौर, ई एडमिन चरणजीत कौर बनाए गए हैं। पुरानी कार्यकारिणी ने पुष्प गुच्छ देकर नई कार्यकारिणी का सम्मान किया। नई कार्यकारिणी ने आगामी नए वर्ष में सामाजिक कार्यों की सूची घोषित की। इस दौरान क्लब के सभी सीनियर सदस्य उपस्थित थे। कार्यक्रम में महेंद्र कौर, मनदीप कौर, कुलदीप कौर, प्रतिभा पुंडलिक, संऊगीता गुरु गोस्वामी, ज्योति अरोड़ा, बॉबी धन्जल, वसंतामनोहर, लाडो दुआ, नेहा अरोड़ा, तरनजीत कौर, रानी कौर, नवीन सदस्य गुरप्रीत राजपाल ने शपथ ली।

### हत्या के आरोपी को आजीवन कारावास एवं सह आरोपियों को 5 वर्ष का सश्रम करावास

**कोरबा।** पाली थाना क्षेत्र अंतर्गत देवधर उर्फ देवकुमार के द्वारा उसकी पत्नि से बार-बार शराब मांगने और पत्नि से शारीरिक संबंध स्थापित करने के लिए कहने की शंका लेकर देवधर द्वारा अपने अन्य दो साथी मनहरण बिझंवार एवं मनोज बिझंवार के साथ मिलकर भाव सिंह का गला दबाकर हत्या कर दिया था और मृतक भाव सिंह के शव को रोड में रखकर एक्सीडेंट का रूप देने के लिए फेंक दिये। ईलाज के दौरान 20 नवंबर 2022 को भाव सिह की मौत हो गई। मामले में पुलिस ने आरोपियों के विरुद्ध धारा 302, 201, 34 के तहत मामला पंजीबद्ध कर माननीय न्यायालय में पेश किया गया। उक्त प्रकरण में विचारण के दौरान प्रथम अपर सत्र न्यायाधीश कटघोरा पीठासीन अधिकारी श्रीमती मधु तिवारी के द्वारा आरोपीगण के विरूद्ध दोषसिद्ध होने पर आरोपी देवधर उर्फ देवकुमार को आजीवन सश्रम कारावास 2 हजार रूपये के अर्थदण्ड तथा सह आरोपी मनहरण बिझंवार एवं मनोज बिझंवार को 5-5 वर्ष के सश्रम कारावास एंव 2 हजार के अर्थदण्ड से दंडित किया।

## गुरुवार को दोपहर तक हुई थी बारिश, सभी तहसीलों में लगे हैं वर्षा मापक यंत्र

# एक दिन में अंचल में दर्ज हुई 75.7 मिमी औसत वर्षा

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

गुरुवार को हुई दोपहर तक बारिश ने जिलेभर को तर-बतर कर दिया था। इस वर्ष की मानसून में पहली जोरदार बारिश है। शहर के अलावा ग्रामीण अंचलों के खेत पानी से लबालब हो गए हैं। जिले के सभी तहसीलों में लगे वर्षा मापक यंत्र से वर्षा दर्ज की गई है उसके मुताबिक 75.7 मिमी औसत वर्षा एक दिन में हुई है। तहसीलवार आई जानकारी के अनुसार सर्वाधिक वर्षा एक दिन में 151.4 मिमी करतला तहसील में दर्ज हुई है।

गुरुवार सुबह से शुरु हुई बारिश से शहर के निचली इलाकों में पानी भर गया था। वहीं ग्रामीण अंचल के कई मुख्यमार्ग के पुल पुलियों से पानी चलने के कारण आवागमन बंद हो गया। इनमें अजगरबहार से संतरेंगा मार्ग की पुलिया भी शामिल थी जिसके उपर से पानी बहने के कारण जिला मुख्यालय से देवपहरी लेमरु जाने वाली यात्री बस का परिचालन नहीं हो सका। इसी तरह शासकीय काम से जिला मुख्यालय आने वाले ग्रामीणों को भी परेशानियों का सामना करना पड़ा। कुछ ग्रामीण लेमरु, अरेतरा, पुटकापहाड़ मार्ग से जिला मुख्यालय पहुंचे। दोपहर 3 बजे के बाद पुल पुलियों से पानी उतरने पर आवागमन शुरु हो सका। सभी तहसीलों में लगे वर्षा मापक यंत्र से गुरुवार सुबह 6 बजे से लेकर शुक्रवार सुबह 6 बजे तक की बारिश का आंकड़ा दर्ज किया गया। उसके अनुसार कुल औसत वर्षा का 75.7 मिमी औसत वर्षा केवल एक दिन में दर्ज की गई है।



रिस्दी चौक पर भरा पानी।

### छत से रिश रहा पानी, कुदरीचिंगार स्कूल बंद



कोरबा विकासखंड अंतर्गत आने वाले दुरुस्थ वनांचल ग्राम कुदरीचिंगार में पूर्व माध्यमिक शाला भवन का निर्माण हुआ है। जिसका रंग रोगन बाहर से जिस तरह से किया गया है। उससे स्कूल की स्थिति बेहतर प्रतीत होती है किंतु स्कूल के अंदर की स्थिति ऐसी है कि बीते चार दिन से बारिश के कारण छत से पानी रिशने से स्कूल के कोई भी कमरा ऐसा नहीं है जिसमें पानी न भरा हो। छात्रों को बैठने में आ रही परेशानियों को देखते हुए बीते चार दिन से कुदरीचिंगार माध्यमिक शाला पिछले चार दिन से बंद है और जिला मुख्यालय के अधिकारियों को इसकी भनक तक नहीं है।

### करतला में सर्वाधिक बारिश, पाली में राहत

बीते वर्ष बारिश के मौसम में एक दिन में ही पाली विकासखंड में सर्वाधिक बारिश होने से कई रिहायशी इलाके जलमग्न हो गए थे। खेतों में कई दिनों तक पानी भरा हुआ था। उसकी तुलना में इस वर्ष अब तक की बारिश में पाली विकासखंड को राहत मिली हुई है। गुरुवार को हुई तेज बारिश में पाली विकासखंड में 63.5 मिमी वर्षा दर्ज हुई है। उसकी तुलना में करतला विकासखंड में 151.4 मिमी वर्षा दर्ज हुई है। भैसमा में 130, कोरबा में 126 मिमी वर्षा दर्ज हुई है। इनके अलावा अन्य तहसीलों में 65 मिमी वर्ष भी नहीं हुई है।

### दर्री बराज से लगातार छोड़ा जा रहा है पानी, बांगो बांध का जलस्तर पहुंचा 35 फीसदी



पिछले दो दिनों से लगातार हो रही बारिश की वजह से दर्री बराज का जलस्तर बहुत तेजी से बढ़ गया था जिसकी वजह से दर्री बराज के दो गेट खोले गए थे और लगभग 21 हजार क्यूसेक पानी गुरुवार को छोड़ा जा रहा था। पानी गिरने की रफ्तार जैसे ही कम हुई शुक्रवार को एक गेट बंद कर दिया गया है लेकिन इसके बाद भी वाटर लेवल मेंटेन नहीं हो पाया है और शुक्रवार की सुबह से ही गेट नंबर 7 को 9 फीट खोलकर लगातार 11 हजार 921 क्यूसेक पानी हसदेव नदी में प्रवाहित किया जा रहा है। जिसके चलते हसदेव नदी का जलस्तर बढ़ गया है। हालांकि पहले ही जल संसाधन विभाग में निचली बस्तियों में रहने वाले लोगों को अलर्ट जारी कर दिया था। वहीं दूसरी ओर बांगो बांध के कैचमेंट इलाके में लगातार बारिश होने की वजह से बांगो बांध का जलस्तर लगातार बढ़ते ही जा रहा है गुरुवार को बांगो बांध का जल स्तर 33 फ्रीसदी जा पहुंचा था जो शुक्रवार को बांगो बांधकर जल स्तर 35 फ्रीसदी जा पहुंचा है। हालांकि अभी भी बांगो बांध को भरने में काफी वक्त लगेगा।

### हसदेव नदी में बढ़ गया था जलस्तर, फंस गए थे तीन दोस्त, तैरकर आए बाहर

लगातार हो रही बारिश की वजह से नदी नाले पूरे उफान पर हैं और जिले में गुरुवार को झमाझम बारिश हुई थी। इस बीच मछली मारने गए तीन दोस्त पानी के तेज बहाव में फंस गए थे जहां दो दोस्तों ने मिलकर तीसरे युवक को तैरकर बचाया गया। जबकि वहीं दूसरी ओर उरगा क्षेत्र में हसदेव नदी का जलस्तर बढ़ने की वजह से एक युवक पेड़ पर चढ़कर अपनी जान बचाई थी। बाद में उसे ग्रामीणों ने सुरक्षित बचाया था। ज्ञात रहे कि अलसुबह से जिले में झमाझम बारिश हुई थी। जिसकी वजह से हसदेव नदी में जलस्तर बढ़ने से दो अलग-अलग घटनाएं सामने आईं। पहली घटना में कटघोरा थाना क्षेत्र में तीन दोस्त मछली पकड़ने नाव से गए थे। जलस्तर अचानक बढ़ने से नाव बह गई। दो लोग तैरकर किनारे पहुंच गए। तीसरा व्यक्ति रविंद्र यादव कुछ किलोमीटर दूर तैरकर बच गया। दूसरी घटना उरगा थाना क्षेत्र के भिलाईखुर्द के पास हुई। वार्ड नंबर 10 के 51 वर्षीय दुर्गा सिंह शाम 7 बजे नदी किनारे अपनी फसल देखने गए थे। जलस्तर बढ़ने पर वह जान बचाने के लिए पेड़ पर चढ़ गए। अन्य किसान वहां से भाग गए। वार्ड पार्षद उमेंद्र पटेल ने 112 और उरगा थाना पुलिस को सूचना दी गई जिसके बाद रेस्क्यू टीम पहुंची और ग्रामीणों की मदद से उसे बाहर निकाला गया।

### खाद-बीज की समय पर आपूर्ति से बढ़ा किसानों का आत्मविश्वास

**कोरबा।** खरीफ सीजन की शुरुआत के साथ ही गांवों में खेती को लेकर जबरदस्त उत्साह देखने को मिल रहा है। खेतों में ट्रैक्टर से जुताई हो रही है, रोपा लगाने का काम तेजी से चल रहा है और किसान पूरी लगन से इस बार की अच्छे फसल उत्पादन हेतु तैयारियों में जुटे हैं। इस उत्साह का एक बड़ा कारण है सहकारी समितियों में खाद व बीज की समय पर और पर्याप्त उपलब्धता। किसानों को अब न लंबी कतारों में लगना पड़ रहा है, न ही महंगे दामों पर बाजारों से बीज या खाद खरीदने की मजबूरी है।

करतला के सहकारी समिति में खाद बीज लेने आए बांधापाली के किसान श्री मानकुमार खाद बीज बिना किसी अव्यवस्था या देरी के मिलने और अपनी संतुष्टि जताते हुए कहा कि इस बार समय पर बारिश आयी है , जिससे उनके जैसे किसानों में खरीफ सीजन की तैयारी को लेकर काफी उत्साह है। उन्होंने कहा कि वर्षों बाद ऐसा अवसर आया है जब समय पर बारिश, समितियों से पर्याप्त खाद-बीज की आपूर्ति ने किसानों के दिलों में नई उम्मीद जगा दी है। वे कहते हैं हम जैसे छोटे किसानों के लिए खाद-बीज की समय पर उपलब्धता ही सबसे बड़ी मदद है। इस बार हम पिछले वर्ष से भी अधिक उत्पादन के लिए तैयारी में जुटे हैं। उन्होंने बताया कि खेतों में बोनी की पूरी तैयारी कर ली है। आज समिति से उन्हें बिना किसी परेशानी के गुणवत्तापूर्ण खाद और उन्नत बीज मिल गया। किसान ने बताया कि समिति में पहुँचने के साथ ही उन्हें बिना किसी लंबी कतार या परेशानी के यूरिया, एनपीके और सुपर फॉस्फेट जैसे उर्वरक सहजता से मिल गए।

# निगम के सभी कार्यालयों में अब नहीं होगा प्लास्टिक पानी बोतल व डिस्पोजल का उपयोग

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

निगम के मुख्य प्रशासनिक भवन साकेत एवं समस्त जोन कार्यालयों में अब प्लास्टिक पानी बोतल, प्रतिबंधित प्लास्टिक डिस्पोजल आदि का उपयोग नहीं किया जाएगा, इसके लिए आयुक्त आशुतोष पाण्डेय ने निर्देश जारी कर निगम के कार्यालय अधीक्षक व सभी जोन कमिश्नरों को आदेश दिए हैं कि वे तत्काल प्रभाव से यह सुनिश्चित कराएं कि कार्यालयों में प्लास्टिक की पानी बोतल, डिस्पोजल व प्रतिबंधित प्लास्टिक के अन्य उत्पादों का उपयोग नहीं किया जाएगा। उन्होंने अधिकारियें से कहा कि निगम द्वारा आयोजित विभिन्न कार्यक्रमों, आयोजनों में भी पेयजल व स्वल्पाहार हेतु प्लास्टिक बोतल डिस्पोजल आदि के स्थान पर वैकल्पिक साधनों की व्यवस्था सुनिश्चित कराएं।

निगम आयुक्त आशुतोष पाण्डेय ने कहा कि प्रतिबंधित प्लास्टिक का उपयोग न करने की नसीहत आम लोगों को देने से पूर्व हम पहले अपने आपको सुधारे-फिर दूसरों को नसीहत दें, तभी इसके सकारात्मक परिणाम हमें प्राप्त हो सकते हैं। उन्होंने कहा कि हम इसकी शुरूआत अपने घर व कार्य स्थल से करें, इससे लोगों को स्वमेव प्रेरणा मिलेगी तथा वे हानिकारक प्लास्टिक डिस्पोजल का उपयोग खाद्य पदार्थो व पेयजल आदि में नहीं करने के लिए प्रेरित व प्रोत्साहित होंगे। आयुक्त श्री पाण्डेय ने कहा कि जैसा कि हम सबको इस बात की जानकारी है कि प्लास्टिक बोतल में भरा गया पेयजल एवं प्लास्टिक डिस्पोजल में रखी खाद्य सामग्री स्वास्थ्य के लिए हानिकारक है, क्योंकि जब प्लास्टिक डिस्पोजल में गर्म खाद्य सामग्री परोसी जाती है तो उसमें प्लास्टिक के अंश घुल जाते हैं, जो हमारे शरीर में पहुंचकर अनेक असाध्य बीमारियों का कारण बनते हैं। उन्होंने कहा कि यह सब जानते हुए भी हम प्लास्टिक डिस्पोजल का उपयोग करते हैं, यह अफसोसजनक है। आयुक्त ने कहा कि प्लास्टिक एक ओर स्वास्थ्य लिए खतरनाक है, वहीं दूसरी ओर शहर की स्वच्छता एवं साफ-सफाई में सबसे बड़ी बाधा है। लोग इसके उपयोग के पश्चात प्लास्टिक डिस्पोजल, पानी बाटल आदि को नालियों, सड़कों में डाल देते हैं, चूंकि प्लास्टिक नष्ट नहीं होता, यह सड़ता गलता नहीं है, परिणाम स्वरूप नालियों में पहुंचकर यह डिस्पोजल व प्लास्टिक उत्पाद नालियों को जाम कर देता है व सफाई व्यवस्था में अवरोधक का कार्य करता है।




### खास बातें

- प्लास्टिक मुक्त शहर बनाने की शुरुआत नगर निगम से हो, तभी लोग होंगे प्रेरित व प्रोत्साहित
- निगम के सभी कार्यों में अमानक प्लास्टिक पर लगा प्रतिबंध

### मवेशियों जानवरों के लिए प्राण घातक

सड़कों पर फेंका गया प्लास्टिक डिस्पोजल, जहॉ शहर की साफ-सफाई को प्रभावित करता है, वहीं दूसरी ओर मवेशियों जानवरों के लिए प्राणघातक सिद्ध होता है। डिस्पोजल में खाद्य पदार्थ लगे होने के कारण मवेशी उसे खा जाते हैं, जो उनके पेट में पहुंचकर उन्हें बीमार कर देता है, गले में फस कर श्वास को अवरोधित करता है और अंततः मौत का कारण बनता है, प्रतिबंधित प्लास्टिक हमारे पर्यावरण के लिए भी घातक है तथा पर्यावरण को प्रदूषित करता है, परिणाम स्वरूप पर्यावरण संरक्षण की हमारी कोशिशे नाकाम होनी प्रारंभ हो जाती है।

### प्रतिबंधित प्लास्टिक का न करें उपयोग

आयुक्त ने दुकानदारों, होटल, रेस्टोरेंट संचालकों, चाट ठेला, चाय दुकान सहित अन्य सभी लोगों से अपील करते हुए कहा है कि वे अपनी दुकानों, प्रतिष्ठानों में प्रतिबंधित प्लास्टिक डिस्पोजल आदि का उपायोग न करें, स्वास्थ्य लिए घातक प्लास्टिक डिस्पोजल में स्वल्पाहार, चाय आदि अपने ग्राहकों न परोसे, उन्होने आमनागरिकों से भी अपील की है कि वे प्रतिबंधित प्लास्टिक के उपयोग से बचें, बाजार जाते समय कपडे, जूट आदि के थैले साथ में लेकर जाएं, दुकानदारों से प्लास्टिक कैरीबैग आदि की मांग न करें।

# डीएमएफ से होगी 480 अतिथि शिक्षक व 351 भृत्यों की नियुक्ति, कलेक्टर ने दी स्वीकृति

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

जिले में अतिशेष शिक्षको की पदस्थापना के बाद भी रिक्त शिक्षकों के पदो और विद्यार्थियों के दर्ज संख्या के हिसाब से कम हो रहे शिक्षकों की प्रतिपूर्ति के लिए कलेक्टर ने सार्थक कदम उठाया है। उन्होंने जिले के विद्यालयों में शिक्षकों तथा भृत्यों के रिक्त पदों की संख्या जुटाकर जिला खनिज संस्थान न्यास (डीएमएफ) से मानदेय के आधार पर 480 अतिथि शिक्षकों और 351 भृत्यों के भर्ती का निर्णय लिया है। इन अतिथि शिक्षकों में प्राथमिक शाला के 243, माध्यमिक ष्शाला के 109 और हाई तथा हायर सेकेण्डरी स्कूलों में व्याख्याताओं के 128 पदो पर भर्ती की जाएगी।

कलेक्टर अजीत वसंत द्वारा जिले में शैक्षणिक माहौल को बेहतर बनाने के साथ ही स्कूलों में विद्यार्थियों की दर्ज संख्या के अनुपात में शिक्षक उपलब्ध कराने के उद्देश्य से इस सत्र में भी डीएमएफ से अतिथि शिक्षकों के नियुक्ति का निर्णय लिया है। पूर्व में डीएमएफ के शासी परिषद के बैठक में लिये गये निर्णयों के अनुरूप वर्तमान शिक्षण सत्र में भी अतिथि शिक्षकों की नियुक्ति का अनुमोदन किया गया है। कलेक्टर श्री वसंत ने युक्ति युक्तकरण प्रक्रिया में अतिशेष शिक्षकों के समायोजन के पश्चात जिला शिक्षा अधिकारी के माध्यम से उन सभी विद्यालयों की जानकारी मंगाई थी, जहां विद्यार्थियों के दर्ज संख्या के अनुपात में शिक्षकों की आवश्यकता है। जिला शिक्षा अधिकारी से जानकारी प्राप्त होने के बाद कलेक्टर द्वारा विद्यालयों में आवश्यक कार्य हेतु मानदेय के आधार पर 351 भृत्यों के भर्ती की स्वीकृति दी गई है। इसी तरह प्राथमिक शाला के 243, माध्यमिक ष्शाला के 109 और हाई तथा हायर सेकेण्डरी स्कूलों में व्याख्याताओं के 128 पदो पर मानदेय के आधार पर भर्ती की स्वीकृति प्रदान की गई है।

# बांकीमोंगरा बिजली ऑफिस के पास खून से लथपथ मिली अज्ञात लाश

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

बांकीमोंगरा थाना क्षेत्र में उस समय हड़कंप मच गया जब बिजली ऑफिस के पास खून से लथपथ एक अज्ञात व्यक्ति का शव बरामद हुआ। शव पर गंभीर चोटों के निशान थे और जमीन पर चारों ओर खून फैला हुआ था, जिससे हत्या की आशंका जताई जा रही है। जैसे ही लोगों ने शव देखा, तुरंत स्थानीय भीड़ जुट गई और सूचना बांकीमोंगरा पुलिस को दी गई। सूचना मिलने पर पुलिस की टीम मौके पर पहुंची और वैधानिक कार्यवाही में जुट गई। इस बीच फारेंसिक एक्सपर्ट व डॉग स्क्वाड की टीम घटनास्थल पर पहुंची और जांच में जुट गई। फिलहाल मृतक व्यक्ति की शिनाख्ती नहीं हो पायी है पुलिस शिनाख्ती कार्यवाही में जुटी हुई है। घटनास्थल से एक बैग भी बरामद हुआ है, जिससे पहचान और घटना की कड़ी जोड़ने की कोशिश की जा रही है। शव पर मौजूद गंभीर चोटों और खून के बहाव को देखते हुए स्थानीय लोगों का मानना है कि यह मामला हत्या का हो सकता है। हालांकि पुलिस अभी हत्या या हादसा, दोनों पहलुओं पर जांच कर रही है।



# विद्युत पोल काटकर ले गए चोर, ठेकेदार ने की शिकायत

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

शहर में कबाड़ चोरों की सक्रियता बढ़ गई है। चोरों ने वितरण विभाग के ठेकेदार द्वारा लगाए गए एक विद्युत पोल को पार कर दिया है। चोरों ने दुष्साहिक रुप से पोल की कटाई की फिर मौके से उसे लेकर फरार हो गए। ठेकेदार ने मामले की शिकायत पुलिस से की है।

जिले में कबाड़ चोर एक बार फिर से सक्रीय हो गए हैं। बताया जाता है कि कटघोरा निवासी फरीद खान विद्युत वितरण विभाग में ठेकेदारी का काम करता है। ठेकेदार फरीद खान द्वारा पिछले कुछ दिनों से जिले के खरमोरा क्षेत्र में विद्युत पोल लगाने का काम कराया जा रहा है। काम कर रहा है। फरीद खान द्वारा क्षेत्र में विद्युत पोल लगाने का काम किया जा रहा है। ठेकेदार फरीद खान द्वारा जिस स्थान पर विद्युत पोल लगाया जा रहा है वहां विद्युत पोल गार्ड की तैनाती की गई है। गुरुवार को ठेकेदार द्वारा लगाए गए विद्युत पोल को चोरों ने पार कर दिया। चोरों ने पहले दुष्साहिक ढंग से विद्युत पोल को काटा फिर उसे लेकर फरार हो गए। जब ठेकेदार फरीद खान को घटना की सूचना मिली तो उन्होंने इस मामले की शिकायत पुलिस से की है। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। वहीं विद्युत पोल काटे जाने से ठेकेदार फरीद खान को आर्थिक नुकसान का सामना करना पड़ा है।





### आम सूचना

एतद द्वारा सर्वसाधारण एवं आम जनता को सूचित किया जाता है कि मैं जय रायठाठा, उम्र लगभग 40 वर्ष, पिता श्री एडवर्ड रायठाठा (EDWARD RAITHATHA), निवासी- हाउसिंग बोर्ड, बालको तहसील व जिला कोरबा (छ.ग.) का हूं कि पूर्व में मेरा नाम जय कुमार रायठाठा (JAI KUMAR RAITHATHA) था जो वर्तमान में मेरे द्वारा मेरा नाम जय रायठाठा (JAI RAITHATHA) रखा गया है तथा यही नाम मेरे द्वारा मेरे समस्त दस्तावेजों आधार कार्ड, पैन में भी यही नाम है।

मेरे 12वीं के अंकसूची में मेरा नाम जय कुमार रायठाठा (JAI KUMAR RAITHATHA) दर्ज है।

जय रायठाठा (JAI RAITHATHA) तथा जय कुमार रायठाठा (JAI KUMAR RAITHATHA) दोनों नाम मेरा ही है अर्थात मेरे ही स्वयं के नाम हैं तथा मुझे अब से जय रायठाठा (JAI RAITHATHA) के नाम से ही जाना, पहचाना एवं संव्यवहार किया जावे।

सो सूचना से अवगत होवें।

भवदीय
जय रायठाठा
(JAI RAITHATHA)

### न्यायालय कु. रंजू वैष्णव प्रथम व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ श्रेणी कटघोरा, जिला-कोरबा (छ.ग.)


प्रकरण कमांक 58/2025
प्रोसेस कमांक 78/2025
पेशी तारीख 25/07/2005

मिथिला बाई वैग. .............वादी/आवेदक
विरुद्ध
आम जनता वगै. .............प्रतिवादी/ अनावेदक
बनाम आाम जनता

वादी/आवेदक मिथिला बाई के द्वारा प्रतिवादी/ अनावेदक आम जनता के विरूद्ध धारा 372 उत्तराधिकार अधिनियम के तहत माननीय न्यायालय श्रीमान कु. रंजू वैष्णव प्रथम व्यवहार न्यायधारा वर्ग- 1 कटघोरा जिला कोरबा (छ.ग.) में प्रस्तुत किया गया है और उक्त आवेदन पत्र की सुनवाई हेतु दिनांक 25/07/2025 की तिथि है।

अतः प्रतिवादी/ अनावेदक आम जनता को उक्त आवेदन पत्र के संबंध में कोई आपत्ति हो तो सुनवाई दिनाक को प्रातः 11:00 बजे उपस्थित होकर अपना दावा आपत्ति इस न्यायालय में पेश करे अन्यथा प्रकरण की सुनवाई आपके विरुद्ध एक पक्षीय कार्यवाही की जायेगी। नोट- यदि किसी कारणवश आगामी तिथि को अवकाश हो जाता है या कार्य स्थगित हो जाता है या पीठासीन अधिकारी अवकाश पर हो तो प्रकरण की सुनवाई ठीक अगले कार्य दिवस पर किया जावेगा। यह आज तारीख 19/06/25 को मेरे हस्ताक्षार से अधिकरण की मुद्रा लगा कर दिया गया है।

**(कु.रंजू वैष्णव) प्रथम व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ श्रेणी कटघोरा, जिला-कोरबा (छ.ग.)**



## खबर संक्षेप

### पं.प्रदीप मिश्रा की कथा अब इंदिरा स्टेडियम में 12 से



**कोरबा।** जिके के सभी शिव भक्तों को सूचित किया गया है कि श्री शिव महापुराण कथा का स्थान परिवर्तन किया गया है। अत्यधिक वर्षा के कारण चयनित कथा स्थल खैरभवना कनबेरी मैदान तक वाहनों को आने-जाने में भारी परेशानी की वजह से आनन-फानन में स्थान परिवर्तन का निर्णय लेना पड़ा। प्रशासन के सहयोग से कोरबा के हृदय स्थल इंदिरा स्टेडियम में 12 से 18 जुलाई सावन के पवित्र महीने मे पंडित प्रदीप मिश्रा सीहोर वाले के मुखारविंद से श्री महापुराण कथा का आयोजन किया जाएगा। कथा पूर्व निर्धारित समय अनुसार ही दोपहर 1 बजे से संध्या 4 बजे तक होगी। सभी कथा प्रेमी शिव भक्तों से आग्रह किया गया कि अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर कथा श्रवण करेंगे। श्री महाकाल भक्त मंडल कोरबा के सचिव राजेंद्र तारक ने कहा कि कथा की पूरी तैयारी खैरभवना मैदान में चल रही थी, किंतु भारी बारिश के कारण प्रकृति के सामने नतमस्तक होना पड़ा। उन्होंने सभी से निवेदन किया कि पूर्व की भांति ही समिति को सहयोग प्रदान कर इस महायज्ञ को सफल बनाने में अपनी योगदान दें।

### श्री1008 सिद्धचक्र महामंडल विधान का द्वितीय दिवस का पूजन संपन्न



**कोरबा।** बुधवारी बाजार स्थित श्री दिगंबर जैन मंदिर में जैन मिलन समिति द्वारा अष्टान्हिका महापर्व के शुभ अवसर पर आयोजित श्री 1008 सिद्ध चक्र महामंडल विधान का द्वितीय दिवस का पूजन विधान संपन्न हुआ। श्री 1008 सिद्ध चक्र महामंडल विधान का कार्यक्रम आर्यिका श्री 105 आदर्श मति माताजी की संघस्थ आर्यिका श्री 105अखंडमति माताजी, आर्यिका श्री 105 अभेदमति माताजी एवं आर्यिका श्री 105 ध्यानमति माताजी के सानिध्य में किया जा रहा है। जिसका शुभारंभ दुर्ग से पधारे विधानाचार्य ब्रह्मचारी भैया श्री अंकित जैन द्वारा गीत, संगीत भजन के साथ संगीतकार अंशुल जैन एवं म्यूजिकल ग्रुप सागर द्वारा बेहतरीन तरीके से श्री जी का अभिषेक, शांतिधारा एवं श्री 108 विद्यासागर जी महाराज का पूजन कराया गया ।तत्पश्चात विधि विधान पूर्वक श्री 1008 सिद्ध चक्र महामंडल पूजन विधान किया गया।

### फीस वृद्धि का निर्णय लिया वापस, नए फार्मासिस्टों को स्वास्थ्य विभाग ने दी राहत

**कोरबा।** छत्तीसगढ़ स्टेट फार्मेसी काउंसिल के द्वारा 8 मई को आयोजित आम सभा में नए पंजीयन एवं नवीनीकरण सहित अन्य फीस को बढ़ाने का निर्णय लिया गया था। इस निर्णय को 1 जून से लागू कर दिया गया था। फीस वृद्धि के बाद राज्य के विभिन्न फार्मासिस्ट संगठन तथा दवा व्यापारी संगठनों ने फीस वृद्धि पर पुनर्विचार करने का आग्रह किया था। स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ने भी युवाओं और व्यापारी वर्ग के हितों का ध्यान रखते हुए फीस वृद्धि को लेकर काउंसिल के सदस्यों को सुझाव दिया था। बढ़ी हुई फीस पर पुनर्विचार के लिए बुधवार 2 जुलाई को काउंसिल का विशेष सम्मेलन नवीन विश्राम गृह रायपुर में आयोजित किया गया। बैठक में उपस्थित सभी सदस्यों ने बढ़ी हुई फीस पर विभिन्न बिन्दुओं पर पुनर्विचार किया और अंत में सर्वसम्मति से निर्णय लिया कि फीस में किसी भी प्रकार की वृद्धि नहीं की जाएगी। यह भी निर्णय लिया गया कि केवल कोविड महामारी काल में घटाए गए पंजीयन नवीनीकरण शुल्क को 300 रूपये के स्थान पर पुनः 500 रूपये किया जाए। इस तरह पूर्व में लागू फीस ही याथावत रहेगी। इसके साथ ही 1 जून से जिनसे भी बढ़ी फीस को लिया गया है। उन फार्मासिस्टों को अतिरिक्त फीस को वापस किये जाने का निर्णय लिया गया है।

वीआईपी रोड पर गुरुवार की देर रात की घटना

# जो सामने आया उस पर चढ़ा दी कार, 2 की मौत, तीन घायल

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

शहर के वीआईपी रोड पर गुरुवार की रात उस समय अफरातफरी मच गई थी जब नशे में धुत एक युवक ने एक एककर कुल 5 लोगों पर कार चढ़ा दी। इस भयावह हादसे में 2 लोगों की मौत हो गई है जबकि 3 की हालत गंभीर बताई जा रही है। जिन्हें उपचार के लिए स्थानीय अस्पताल में दाखिल कराया गया है। पुलिस ने दुर्घटना को अंजाम देने वाले कार चालक के खिलाफ अपराध पंजीबद्ध कर उसे न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया है।

जानकारी के अनुसार सिविल लाइन थाना क्षेत्र अंतर्गत ढेंगुरनाला कोहड़िया निवासी राहुल यादव पिता स्व. संगीत कुमार यादव सीएसईबी में अनुकंपा में नौकरी करता है। बताया जाता है कि राहुल यादव अपनी कार क्रमांक सीजी 12 बीई 2806 में गुरुवार की रात लगभग 10 बजे आईटीआई चौक से बुधवारी बाजार की ओर जा रहा था। कार चालक राहुल ने कार से पहले इंदिरा चौक दोपहिया वाहन में सवार मोहम्मद इजराइल को टक्कर मारी, भागने के दौरान मौके पर सायकल सवार छोटे लाल साहनी को रौंद दिया। हादसे के बाद कार चालक ने हिट एंड रन का प्रयास किया, यहां के लोगों ने उसे रोका तो वह कार भगाते हुए निकल गया। कार लहराकर पार्षद मुकेश राठौर के घर से पहले दूसरे साइड गई जहां एक साइकिल सवार को भी रौंद दिया। इसके बाद तेज रफ्तार से कार दौड़ाते हुए आगे बढ़ा तो सरस्वती शिशु मंदिर से आगे सीएसईबी के डिपो के निकट एक अन्य मोटरसाइकिल सवार को विपरीत दिशा में जाकर चपेट में लिया और यहां से करीब 100 मीटर दूर तक मोटरसाइकिल को फंसी हालत में घसीटते हुए ले गया। हादसे के बाद अफरा तफरी की स्थिति निर्मित हो गई। घटना की सूचना मिलने पर पुलिस के आला अधिकारी सहित पुलिस की अलग अलग पार्टी तत्काल मौके पर पहुंचीं और घायलों को उपचार के लिए अस्पताल में दाखिल कराया गया। जहां इलाज के दौरान पथरीपारा निवासी मोहमद इजराइल उम्र 75 वर्ष पिता मो. सुलेमान व आईटीआई रामपुर निवासी छोटेलाल साहनी उम्र 37 वर्ष पिता झुरूलाल साहनी की मौत हो गई। जबकि डूमरडीह निवासी रवि कंवर उम्र 35 वर्ष पिता जगत राम कंवर के सिर में गंभीर चोट आयी है जिसे बिलासपुर स्थित अपोलो अस्पताल में दाखिल कराया गया है। रवि कंवर डीएसपीएम संयंत्र में सुरक्षा गार्ड के पद पर पदस्थ है जो रात को अपने घर जा रहा था एवं डिंगापुर निवासी विशाल बड़ा उम्र 21 वर्ष पिता स्व केशराम बड़ा सहित एक अन्य घायल हो गए हैं। जिन्हें उपचार के लिए स्थानीय अस्पताल में दाखिल कराया गया है। पुलिस ने इस मामले में आरोपी कार चालक राहुल यादव के खिलाफ धारा 110, 105 बीएनएस एवं 184 एमव्ही एक्ट के तहत अपराध पंजीबद्ध कर उसे गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड में जेल भेज दिया है।

## आरोपी चालक के खिलाफ गैर इरादतन हत्या का मामला दर्ज



दुर्घटनाग्रस्त कार जिसमें फंसी है मोटर सायकल।



घटना के बाद वीआईपी रोड में आक्रोशित भीड़ को रोकती पुलिस।



कार ने एक्सल व सायकल को मारी थी ठोकर।



पुलिस गिरफ्त में आरोपी कार चालक।

### आरोपी युवक की जमकर हुई धुनाई

जब बुधवारी के पास उसकी गाड़ी रुकी तो भारी संख्या में लोगों की भीड़ एकत्रित हो गई और चालक को कार से बाहर निकाल कर मौके पर मौजूद लोगों ने जमकर धुनाई कर दी। बीच बचाओ करने पहुंची सीएसईबी चौकी पुलिस कोतवाली पुलिस और सिविल लाइन पुलिस की टीम मौके पर पहुंची थी। जहां किसी तरह आरोपी को हमलावर युवकों के कब्जे से बाहर निकाला गया और पुलिस की गाड़ी में किसी तरह उसे भेजा गया। घटना के बाद पुलिस ने उसे मेडिकल हॉस्पिटल में दाखिल कराया था जहां उसका उपचार हुआ और शुक्रवार की देर शाम को उसे जेल दाखिल कर दिया गया है।

# कृषि यंत्र सेवा केंद्र हुए बंद, नहीं मिल रहे किसानों को उपकरण

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

जिले के ग्रामीण अंचलों में आर्थिक रुप से एवं संसाधन विहिन किसानों के सुविधा के लिए शुरु किए गए कृषि यंत्र सेवा केंद्र एवं कॉल सेंटर बंद होने के कारण किसानों को किराये में कृषि उपकरण नहीं मिल पा रहे हैं और न ही कॉल सेंटर से खेती से संबंधित समस्याओं का निराकरण हो पा रहा है। दोनों ही योजनाओं से किसान खेती के मौसम में वंचित बने हुए हैं।

ग्रामीण अंचलों में ऐसे बहुत से किसान हैं जिनके पास कृषि उपकरण जैसे आवश्यक संसाधनों का आभाव रहता है। ऐसे किसानों को सुविधा उपलब्ध कराने के उद्देश्य से कृषि यंत्र सेवा केंद्र सभी विकासखंड मुख्यालय में शुरु किए गए थे। इसके लिए स्वयं सेवी संस्थाओं से कृषि यांत्रिकी विभाग के द्वारा आवेदन मांगे गए थे। कुछ व्यक्तिगत किसानों ने भी कृषि यंत्र सेवा केंद्र के लिए आवेदन दिए थे। इनमें से स्वयं सेवी संस्थाओं के आवेदनों पर कृषि यांत्रिकी विभाग के द्वारा अनुमोदन करते हुए स्वयं सेवी संस्थाओं को कृषि यंत्र सेवा केंद्र खोलने हेतु अनुमति प्रदान की थी। स्वयं सेवी संस्थाओं ने शुरुआत में कृषि यंत्र सेवा केंद्र खोलने में रुचि दिखाते हुए सभी तरह के उपकरण रखने के साथ कीटनाशक दवाईयां उपलब्ध कराने की सुविधा दी गई थी। इनमें कृषि उपकरण किसानों को प्रतिदिन की दर से किराये में दिए जाते थे। इसका लाभ भी किसानों ने लिया। दो वर्ष चलने के बाद अब कृषि यंत्र सेवा केंद्र बंद पड़े हैं। स्वयं सेवी संस्थाओं ने आर्थिक समस्या का हवाला देकर केंद्रों का संचालन बंद कर दिया है।




### कॉल सेंटर भी हुए पूरी तरह बंद

कृषि से संबंधित जानकारी के लिए किसानों के लिए जिला मुख्यालय के साथ ब्लॉक मुख्यालय में भी कॉल सेंटर शुरु किए गए थे। इसके लिए किसानों को एक नंबर जारी किया गया था। किसान अपने क्षेत्र से उक्त नंबर पर कॉल कर खेती से संबंधित समस्याओं की जानकारी देकर उनका निराकरण प्राप्त कर लेते हैं। किंतु वह भी पिछले एक वर्ष से बंद पड़े हुए हैं। कृषि विभाग के उपसंचालक के मुताबिक काल सेंटर से अब किसी तरह के काम नहीं हो रहे हैं।

### कृषि यांत्रिकी विभाग करता है निगरानी

ग्रामीण अंचलों में कृषि यंत्र सेवा केंद्र खोलने के लिए कृषि यांत्रिकी विभाग से अनुमति दी जाती है। उसके द्वारा ही इसकी मॉनिटरिंग की जाती है। वर्तमान में कृषि यंत्र सेवा केंद्र बंद हैं।

**- डीपीएस कंवर,** उप संचालक कृषि

### नए स्कूल भवन बनने से छात्रों को मिलेगी सुविधा : प्रेमचंद

**हरदीबाजार।** ग्राम पंचायत जोरहाडबरी में जिला खनिज न्यास मद की राशि 16 लाख 60 हजार रुपए की लागत से नवीन प्राथमिक शाला भवन निर्माण का लोकार्पण कटघोरा विधायक प्रेमचंद पटेल ने गुरुवार फीता काटकर किया। साथ ही नये प्रवेशी बच्चों को मिठाई खिलाकर व पुस्तक वितरण कर प्रवेश दिया गया। इस दौरान विधायक श्री पटेल ने कहा कि पुराना भवन जर्जर हो चुका था फर्श सहित छत भी कमजोर हो गया था बच्चों व शिक्षकों को ऐसे भवनों में बैठना शिक्षा देना व ग्रहण करना उचित नहीं था,अब नये भवन में सुविधा के साथ-साथ अच्छी शिक्षा भी बच्चों को मिलेगी। इस दौरान सरपंच चंद्रलेखा मरकाम, जिला पंचायत उपाध्यक्ष प्रतिनिधि मुकेश जायसवाल, उपसरपंच सावंत सिंह गोड़, जिला भाजपा किसानों मोर्चा उपाध्यक्ष छोटे लाल पटेल, भाजपा युवा नेता दिलीप पटेल, भाजपा युवा नेता मन्नु सांई राठौर, प्रधान पाठक सीबी उपाध्याय सहित शिक्षक व ग्रामवासी उपस्थित रहे।

### इश्योरेंस कंपनी ने दिया 15 लाख का मुआवजा

**कोरबा।** युनाईटेड इंडिया इन्श्यूरेन्स कम्पनी लिमिटेड के द्वारा श्रीमति टेमेश्वरी निवासी नोनबिर्रा को उनके पति स्व गोपाल प्रसाद प्रजापति जिन्होंने अपनी वाहन में अनिवार्य व्यक्तिगत दुर्घटना बीमा प्रिमियम मात्र 275 रुपए का लिया था। उनकी मृत्यु के बाद उनकी पत्नी श्रीमति टेमेश्वरी जी को 15 लाख का मुआवजा राशि का चेक आफिस के वरिष्ठ मण्डल प्रबंधक, खगेश साहु एवं सहायक प्रबंधक जे शैलेजा शंकर के द्वारा प्रदान किया गया।



# कार चालक के साथ मारपीट कर कार और मोबाइल ले भागे युवक

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

जांजगीर जिले से बुकिंग में कार लेकर कुछ युवक बांगो थाना क्षेत्र पहुंचे थे। इसी दौरान जंगल के बीच कार चालक को बहाना बनाकर वाहन रोकने को कहा और कार चालक के साथ मारपीट की घटना को अंजाम देते हुए मोबाइल व कार को लूटकर मौके से फरार हो गए। लूटपाट के शिकार कार चालक की शिकायत पर बांगो पुलिस ने अज्ञात लूटेरों के खिलाफ अपराध पंजीबद्ध कर आरोपियों की पतासाजी शुरु कर दी है।

**खास बात**

- पड़ोसी जिले से कार बुकिंग कर पहुंचे थे बांगो

जानकारी के अनुसार पड़ोसी जिले जांजगीर-चांपा में निवासरत अमन नामक युवक पेशे से कार चालक है। शुक्रवार की सुबह चांपा स्थित टैक्सी स्टैंड में चार युवक पहुंचे थे जहां उन्होंने अमन से कोरबा चलने के लिए गाड़ी का सौदा किया था। जिसके बाद चारों युवकों को कार में लेकर अमन कोरबा के लिए रवाना हुआ था। जहां चारों युवकों ने कार चालक अमन से बांगो चलने के लिए कहा और बांगो मार्ग में पहुंचने के बाद बरपाली के समीप पहुंचते ही चारों युवकों ने कार चालक अमन को गाड़ी रोकने के लिए कहा और जैसे ही जंगल के बीचो-बीच पहुंचते ही अमन ने गाड़ी रोकी चारों युवकों ने उसके साथ मारपीट करना शुरु कर दिया। मारपीट के बाद चारों युवकों ने कार चालक अमन से मोबाइल व कार छीनकर मौके से फरार हो गए। घटना के बाद अमन को कुछ समय तक समझ ही नहीं आया कि उसके साथ हुआ क्या है आखिरकार वह बांगो थाने पहुंचा और मामले की शिकायत पुलिस से की। पुलिस ने मामले में अपराध पंजीबद्ध कर लूट की घटना को अंजाम देने वाले युवकों की तलाश शुरु कर दी है।

### निगम के विकास कार्यों का लोकार्पण स्थगित

**कोरबा।** नगर निगम अंतर्गत विभिन्न विकास योजनाओं का लोकार्पण शिलान्यास का कार्यक्रम उप मुख्यमंत्री अरूण साव एवं जिले के प्रभारी मंत्री के हाथों 6 जुलाई को आयोजित होना था। उक्त कार्यक्रम अपरिहार्य कारणों के चलते स्थगित हो चुका है। नगर निगम आयुक्त द्वारा इस सम्बंध में सूचना सम्बन्धितों को दी गई है।

हरिभूमि नं.1 आवश्यक सूचना
प्रिय ग्राहक बंधुओं आपका अपना
प्रिय अखबार हरिभूमि के स्थान पर
अगर कोई अन्य अखबार दिया जा रहा है
तो कृपया इस नंबर पर संपर्क करें
टी.पी. नगर बी. ब्लॉक कामर्शियल
काम्पलेक्स, कोरबा मो. 7049267780

वर्षा के दौरान बस्तियों में जल ठहराव, नाले व नालियों में जल निकासी पर नजर रखने दिए निर्देश

# शहर के जलभराव क्षेत्रों, निचली बस्तियों का आयुक्त ने किया निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

निगम आयुक्त ने बारिश के बीच कोरबा शहर की विभिन्न निचली बस्तियों, जलभराव वाले क्षेत्रों का मैराथन दौरा किया। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि वर्षा के दौरान जल ठहराव की स्थिति पर सजग नजर रखें, सतत मानीटरिंग करते हुए यह सुनिश्चित कराएं कि नाले नालियों से होने वाले जलप्रवाह पर केई अवरोध पैदा न हों, जहाँ भी जल ठहराव की स्थिति निर्मित होती है, तत्काल जल निकासी कराएं। उन्होंने कहा कि निगम क्षेत्र में स्थापित कराए गए शेल्टर केन्द्रों में सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित रहें एवं आवश्यकता पड़ने पर जलभराव से प्रभावित परिवारों को शेल्टर केन्द्रों में सुरक्षित पहुंचाने की त्रुटिरहित व्यवस्था बनाए रखें।



वार्डों का निरीक्षण करते निगम आयुक्त एवं अन्य अधिकारी।

निगम आयुक्त आशुतोष पाण्डेय ने शुक्रवार को रिमझिम बारिश के बीच अधिकारियों की टीम के साथ शहर के विभिन्न निचले क्षेत्रों का दौरा किया। उन्होंने चिमनीभट्टा, अमरैयापारा, रविशंकर नगर, परशुराम नगर, शारदा विहार, मानिकपुर सहित अन्य बस्तियों का भ्रमण करते हुए वहां पर स्थित नालों के जल प्रवाह का जायजा लिया। उन्होंने जल प्रवाह के अवरोधों को तत्काल दूर करने, नाले-नालियों पर सतत नजर रखनें व जल निकासी निर्वाध बनाए रखने के लिए आवश्यक कदम त्वरित रूप से उठाने के निर्देश अधिकारियों को दिए। निगम द्वारा क्षेत्र में मुख्य बाढ़ग्रस्त क्षेत्रों के लिए शेल्टर केन्द्र बनाए गए हैं, जिसमें प्रभावित क्षेत्रवार प्राथमिक शाला सीतामणी, पूर्व माध्यमिक शाला सीतमाणी, पूर्व माध्यमिक शाला मिशन रोड, प्राथ माध्य शाला आजाक रानी गेट के पास, प्राथ शाला लालघाट, अंबेडकर स्कूल, प्राथ शाला जोगियाडेरा, कबीर भवन, सुमेधा स्कूल, एसईसीएल स्कूल, शास प्राथ शाला प्रेमनगर को सेल्टर केन्द्र बनाया गया है। इसके अतिरिक्त आवश्यकता पड़ने पर प्रियदर्शनी इंदिरा स्टेडियम को मुख्य सेल्टर केन्द्र के रूप में उपयोग किया जा सकेगा। निगम आयुक्त श्री पाण्डेय ने अधिकारियों से चर्चा करते हुए शेल्टर केन्द्रों की व्यवस्थाओं की पुनः समीक्षा की एवं केन्द्रों में व्यवस्थाओं को चुस्त-दुरूस्त रखने के निर्देश दिए। आयुक्त ने अधिकारियों से कहा कि वर्षा ऋतु के दौरान निगम क्षेत्र में कहीं भी जलभराव की स्थितियां न रहें, इसके लिए आवश्यक परीक्षण कर नाले व नालियों के निर्माण व विस्तार के कार्यों के प्रस्ताव तैयार कराएं।

### सफाई व्यवस्था का किया निरीक्षण

आयुक्त ने पं.रविशंकर शुक्ल नगर जोन के मानिकपुर, मुड़ापार, अमरैयापारा, कृष्णानगर, रविशंकर नगर आदि क्षेत्रों में साफ-सफाई कार्ये का औचक निरीक्षण किया, उन्होने वार्डो में पहुंचकर वहॉ पर संलग्न सफाई कामगारों का स्थल पर ही भौतिक सत्यापन कराया। इस मौके पर आयुक्त श्री पाण्डेय ने अधिकारियों के निर्देश दिए कि सफाई कामगारों को आई.डी. पत्र जारी करें एवं प्रत्येक आई.डी. में सफाई कामगार का नाम, वार्ड का नाम, उसके कार्यक्षे की सीमा, सौपे गए दायित्व आदि का उल्लेख किया जाए। उन्होने सफाई कामगारों को निर्धारित ड्रेस व कार्य के दौरान उपयोग होने वाले सुरक्षा उपकरण उपलब्ध कराने के निर्देश भी दिए।

### स्वच्छता के साथ कोई कम्प्रोमाईज नहीं

आयुक्त ने कहा कि शहर की स्वच्छता व साफ-सफाई कार्ये में किसी भी प्रकार का कम्प्रोमाईज स्वीकार्य नहीं होगा तथा सफाई कार्यों में कोताही व उदासीनता बरतने वाले सफाई कार्य एजेंसियों एवं निगम के निरीक्षकों, पर्यवेक्षकों की जवाबदारी तय कर कार्यवाही की जाएगी। उन्होने कहा कि सफाई के जो मानदण्ड तय किए गए हैं, उसी के अनुरूप सफाई कार्य हों, यह अंतिम रूप से सुनिश्चित कराएं।

online Booking:-www.tripuryatra.com
सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
7 दिन
स्लीपर मात्र 12,500/-

गोवा-बाम्बे
महालक्मी टेम्पल, हाजीअली, सिद्धिविनायक, गेटवे ऑफ इंडिया, होटल ताज, जुहू चौपाटी, नॉर्थ साउथ गोवा - कोलवा बीच, सेंत जोवेलियर्स चर्च, अंजुमन बीच, डोलपन बीच, कलांगुटे बीच
19 जुलाई, 14 अगस्त, 6 सितंबर, 6 अक्टूबर, 10 नवंबर, 20 दिसंबर
राशिः-स्लीपर -12,500/-, 3 एसी- 22,500/-, (+5%GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411